अमिअ मूरिमय चूरन चारू । समन सकल भव रूज परिवारू ।।
गुरु पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन ।।
(मानस-भारत। राम कथा 923 - नई दिल्ली। मोरारी बापू)

सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 76 | इंदौर, गुरुवार 21 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. कनाडा: खालिस्तान आंदोलन के समर्थक गैंगस्टर सुक्खा की हत्या, दो गैंग्स के बीच झगड़ा बना मौत की वजह
2. दिल्ली: आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर राहुल गांधी ने कुली की ड्रेस पहन उठाया सामान, सुना कुलियों का दर्द

आसान नहीं सस्ते सिलेंडर की राह

लाखों की संख्या में लाड़ली बहनें, कनेक्शन 50 प्रतिशत के नाम भी नहीं है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। लाड़ली बहनाओं के लिए 450 रुपए का सस्ता सिलेंडर पाना आसान नहीं है। अकेले उज्जैन जिले में ही देखा जाए तो 3 लाख 53 हजार 417 लाड़ली बहनें हैं लेकिन गैस कनेक्शन इनमें से 50 फीसदी के नाम भी नहीं हैं। यही हाल प्रदेश के अन्य जिलों का भी है। हालांकि यह तो स्पष्ट नहीं है कि कितनी बहनों के नाम कनेक्शन है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि अधिकांश के नाम तो गैस है नहीं, ऐसे में योजना का लाभ लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

उज्जैन जिले में करीब 38 गैस एजेंसियों के करीब 4 लाख गैस कनेक्शन के उपभोक्ता हैं। इनमें से 1 लाख 41 हजार महिला गैस कनेक्शनधारी उज्जवला योजना की हैं। जिन्हें पूर्व से ही सस्ते में गैस सिलेंडर मुहैया करवाए जा रहे है।

हाल ही में शासन ने अब लाड़ली बहना योजना से जुड़ी महिलाओं को भी सस्ते में गैस सिलेंडर देने का ऐलान किया है। साथ ही ये भी स्पष्ट है कि सस्ता सिलेंडर उन्हीं लाड़ली बहनाओं को मिलेगा जिनके नाम से गैस कनेक्शन होगा।

अधिकारी जब फार्म भरवाने और ऑइल कंपनियों से डाटा जुटाने लगे तो हैरत में पड़ गए। वह इसलिए कि जिन 1 लाख 41 हजार महिलाओं को पूर्व से उज्ज्वला योजना के तहत सस्ता सिलेंडर मिल रहा हैं। करीब 80 से 90 फीसदी महिलाएं तो उनमें लाड़ली बहना योजना की महिलाएं ही शामिल हैं। शेष रही 10 से 20 फीसदी लाड़ली बहनाएं तो इन सभी के नाम से गैस कनेक्शन नहीं है।

चौंका देने वाला आंकड़ा ये कि तीन दिन में करीब 700 आवेदन ही लाड़ली बहनाओं की तरफ से सस्ते सिलेंडर के लिए भरे गए है। इससे जाहिर हैं कि जो लाड़ली बहनाएं हैं उनमें से अधिकांश के नाम गैस कनेक्शन नहीं हैं और जिनके नाम से कनेक्शन है उनमें से अधिकांश पूर्व से ही उज्ज्वला योजना के तहत सस्ता सिलेंडर ले रही हैं।

कनेक्शन ट्रांसफर के लिए आवेदन

इधर सस्ता सिलेंडर पाने की चाह में गैस एजेंसियों पर कनेक्शन ट्रांसफर करने के आवेदन पहुंचने लगे हैं। गैस एजेंसी संचालक सुनील कछवाय ने बताया कि पुरुष अपनी पत्नी व मां के नाम कनेक्शन ट्रांसफर करवाने के आवेदन दे रहे है लेकिन ऐसा करने की परमिशन नहीं है। गैस एजेंसी संचालक भगवानदास ऐरन ने बताया कि महिलाओं के नाम से नए कनेक्शन के लिए भी आवेदन आने लगे हैं लेकिन उन्हें यह स्पष्ट किया जा रहा है कि आपको सस्ता सिलेंडर मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं। क्योंकि वे शासन की घोषणा के बाद कनेक्शन लेने आ रहे है।

खेतों में ट्रांसफार्मर के लिए 50 प्रतिशत पैसा देगी सरकार

कृषक मित्र योजना लॉन्च; 3 हॉर्स पावर के पंप कनेक्शन के लिए डलेगी 11 केव्ही विद्युत लाइन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में किसानों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना लॉन्च की है। योजना में किसान या किसानों के समूह को 3 हॉर्स पावर के स्थायी पंप कनेक्शन के लिए ट्रांसफार्मर और 11 केवी विद्युत लाइन की सुविधा दी जाएगी। खास बात यह है कि कोई भी किसान आवेदन देकर अपने खेतों में ट्रांसफार्मर लगवा सकेगा। ट्रांसफार्मर लगवाने का आधा खर्च सरकार देगी, आधा किसान को देना होगा।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में बुधवार को योजना लॉन्च की गई। अमल भी तुरंत ही शुरू हो गया। इसे पूरे प्रदेश में दो चरण में लागू किया गया है। पहले चरण में जो किसान शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें अगले साल योजना के दायरे में लिया जाएगा। ऊर्जा विभाग ने इस योजना में ट्रांसफार्मर के बीच की दूरी कम से कम 200 मीटर तय की है। तीन दिन पहले कैबिनेट से मंजूर इस योजना के लिए तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना से किसानों को बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। हम आपको दे रहे हैं योजना के बारे में वह जानकारी, जो आपको पता होना जरूरी है। जैसे कि कैसे मिलेगा इस योजना का लाभ? आवेदन कहां और कैसे करें?

स्थायी पंप कनेक्शन के लिए विद्युत लाइन और ट्रांसफार्मर लगेंगे

मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना में सरकार 3 हॉर्स पावर या अधिक क्षमता वाले स्थायी पंप कनेक्शन देने के लिए विद्युत लाइन डालने और ट्रांसफार्मर लगाने का काम करेगी। लागत का आधा हिस्सा किसान या समूह द्वारा वहन किया जाएगा जबकि 40त्न राशि राज्य सरकार और 10त्न राशि विद्युत वितरण कंपनी खर्च करेगी।

शुरुआती अवधि 2 साल, जरूरत पड़ी तो बढ़ाई जाएगी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में कहा, 'इस योजना की शुरुआती अवधि 2 साल तय की गई है। योजना में आने वाले आवेदनों की स्थिति के आधार पर विद्युत लाइन डालने और कनेक्शन देने का काम इसी साल किया जाएगा। बहुत अधिक संख्या में आवेदन आ गए तो उनका निराकरण अगले साल किया जाएगा। इसके बाद भी अगर जरूरत रही तो योजना की अवधि बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना में 11 केवी लाइन का विस्तार किया जाएगा। ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे।

सीएम का आरोप- दिग्विजय सिंह अफसरों को धमका रहे

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा- राजा, नवाब और कांग्रेस ने मिलकर प्रदेश में कुल 7 लाख हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई की व्यवस्था की। हमारी सरकार ने अब तक 47 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था कर दी है। अब 65 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता करने का हमारा लक्ष्य है।शिवराज ने कहा- दिग्विजय सिंह अधिकारियों को धमका रहे हैं कि पैसे की हेराफेरी हो रही है। इतना पैसा आ कहां से रहा है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कहते थे कि मैं क्या करूं मेरे पास पैसे ही नहीं हैं? मामा ने सब खाली कर दिया। सिर्फ रोते रहते थे। मैं कहता हूं कि मेरे पास पैसे की कमी नहीं है।

इलेक्ट्रिक वीकल की स्टडी के लिए 7हजार किमी की यात्रा

इंजीनियर ने इंदौर में कहा- बारिश बन गई चुनौती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वर्ष 2013 में आईआईटी बांबे से इंजीनियरिंग करने के बाद 34 साल के एक युवा ने इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरुकता अभियान शुरू कर दिया। इनका नाम है सुशील रेड्डी (मुम्बई)। वे 2016 में सौर ऊर्जा से चलने वाली मोटर-सहायक साइकिल से सफर कर चुके हैं।

इस बार इन्होंने बारिश के मौसम में इलेक्ट्रिक कार को प्रमोट करने के लिए 13 सितंबर को नए सफर की शुरूआत की। 60 दिन के भीतर 7 हजार किलोमीटर का लंबा सफर तय कर दिवाली से पहले वापस मुम्बई पहुंच जाएंगे। 7 हजार किमी की यात्रा के दौरान वे इलेक्ट्रिक कार में आने वाली दिक्कतों और अच्छी बातों की स्टडी करेंगे। इस स्टडी को वे छात्रों के साथ शेयर करेंगे।

शनिवार को जब धुले से इंदौर के लिए चले तो कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस वाहन में चार्जिंग सबसे बड़ा चैलेंज है क्योंकि इस रूट में सिर्फ दो चार्जिंग स्टेशन थे। दोनों बंद थे। गाड़ी के साथ एक पोर्टेबल चार्जर है लेकिन रोककर चार्ज किए तो वोल्टेज का भी प्रॉब्लम था। अभी शहरी क्षेत्र में चुनिंदा स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट लगे हैं। शहर से दूर ग्रामीण इलाकों में किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए अपनी तैयारी पहले से करके चलना पड़ती है।

सफर के दौरान जो भी चुनौतियां और अच्छाई सामने आती हैं उसका प्रैक्टिकल फीडबैक तैयार कर कंपनी और स्टूडेंट्स के सामने प्रजेंट करते हैं। वे स्टूडेंट्स के क्षेत्र में आने वाली अपॉर्चुनिटी और चुनौतियों के बारे में जागरुक करते हैं।

नौकरी छोड़कर इलेक्ट्रिक कार से यात्रा कर लोगों को कर रहे जागरुक

शहरों में पेट्रोल और डीजल के वाहनों से प्रदूषण कम हो और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिले। इसी लक्ष्य के साथ मुंबई के सुशील रेड्डी इलेक्ट्रिक कार से सफर पर निकले हैं। सुशील अपनी इस यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक सहित कई राज्यों से गुजरेंगे।

सुशील कई यूनिवर्सिटी में जाकर छात्रों को इलेक्ट्रिक वीकल के बारे में जागरूक कर रहे हैं। सुशील ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद कई कंपनियों में काम भी किया है। रेड्डी ने इंदौर की सेज यूनवर्सिटी और रेनेसां कॉलेज के छात्रों से भी मुलाकात की।

इलेक्ट्रिक वाहनों की जानकारी से लोगों को अपडेट करना मुख्य उद्देश्य

अलग-अलग तरीके से घूमने का उद्देश्य सिर्फ नई-नई जानकारियों से लोगों को अपडेट करना है। क्योंकि भारत में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां टेक्नोलॉजी की पहुंच नहीं है। इससे लोगों के मन में कई तरह की आशंकाएं रहती हैं जिसे दूर करने का भी प्रयास है।

कंपनी के दावे के मुताबिक नहीं है एवरेज

सुशील जिस एशु से सफर कर फीडबैक तैयार कर रहे हैं। वे बताते हैं कि कंपनी भले एक बार चार्जिंग करने के बाद अपने-अपने क्लेम करती है लेकिन ऐसा है नहीं। नॉर्मल ड्राइव करने पर सफर आधा भी हो सकता है। कंपनी के दावे टेस्टिंग के हिसाब से सही हो सकते हैं लेकिन रियल ड्राइविंग में ऐसा नहीं है। क्योंकि ट्रैफिक के साथ-साथ सड़क की कंडीशन का भी काफी असर पड़ता है।

आईआईआईडी इंदौर की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफर इंटीरियर डिजाइनर्स के इंदौर रीजनल चैप्टर (आईआईआईडी इंदौर) की इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन जलसा बायपास कर दिया गया। सेरमनी में अभिषेक जुल्का - चेयरपर्सन, नुपुर नामजोशी-सेक्रेटरी, मनोज्ञा गुप्ता-ट्रेजरार, विकास ठक्कर -चेयरपर्सन इलेक्ट, जगजीत -हॉनरेबल सेक्रेटरी, हितेश संजवानी -वाइस चेयरमैन, संदीप खंडेलवाल -कमेटी मेम्बर, सिखा सिंह- कमेटी मेंबर और पवन लाहोटी -कमेटी मेंबर के रूप में चुना गया। नई कार्यकारिणी को पास्ट चेयरपर्सन शीतल कापड़े ने शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी का चयन दो वर्ष के कार्यकाल के लिए किया गया है।

विरासत को बढ़ाएंगे आगे- चेयरपर्सन अभिषेक जुल्का ने कहा कि हमें जो विरासत मिली है हम उसे न सिर्फ सहेज के रखेंगे बल्कि उसको और आगे लेकर बढ़ेंगे। पिछले दो वर्षों के दौरान जो ए इंटरेस्टिंग और इंटरैक्टिव इवेंट्स कराने की प्रथा चली है हम उसे कायम रखेंगे। इन इवेंट्स में देश और दुनिया के नामी आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिजाइनर्स को अपने शहर में अपनी कम्युनिटी के लोगों के बीच में पाना काफी सुखद और ज्ञानवर्धक रहा। इसके अलावा भी कई अच्छी पहल हुई है, हम उन्हें और विस्तारित करने का प्रयास करेंगे। हम 2024 में होने वाले शोकेस कराने की प्लानिंग कर रहे हैं और जल्द ही इसकी डेट्स फाइनल करके आगे की तैयारियों में लग जाएंगे।

एक रूपए यूनिट बिजली के लिए दी 152 करोड़ की सब्सिडी

◆ पात्र उपभोक्ताओं को मात्र 100 रूपए में मिल रही 100 यूनिट बिजली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। मालवा निमाड़ में एक माह के दौरान तीस लाख से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इन उपभोक्ताओं प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट की दर से मात्र 100 रूपए में प्रदान की गई है। इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन की ओर से एक माह के दौरान करीब 152 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। सबसे ज्यादा इंदौर जिले के चार लाख से ज्यादा लाभान्वित हुए हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि तीस दिन के दौरान 150 यूनिट व औसत पांच यूनिट दैनिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ता योजना के पात्र हैं। पिछले एक माह के दौरान मालवा-निमाड़ में तीस लाख एक हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। इसमें से 18 लाख इंदौर राजस्व संभाग के व करीब सवा 12 लाख उज्जैन संभाग के है। इंदौर जिले में चार लाख से ज्यादा उपभोक्ता माह के दौरान गृह ज्योति योजना से लाभान्वित हुए है। इन्हें करीब 18 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। इसी तरह धार जिले में 3 लाख, उज्जैन जिले में 2.71 लाख, खरगोन जिले में 2.66 लाख, रतलाम जिले में 2.24 लाख, मंदसौर जिले में 2.12 लाख, बड़वानी जिले में 2.01 लाख, झाबुआ जिले में 2 लाख उपभोक्ता योजना से लाभान्वित हुए है प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि अटल गृह ज्योति योजना के तहत सब्सिडी के लिए प्रत्येक पात्र उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। कंपनी क्षेत्र में बीते बिल माह के दौरान गृह ज्योति योजना में 152 करोड़ रूपए की सब्सिडी दी गई है। पात्र उपभोक्ताओं को अधिकतम 550 रूपए की सब्सिडी दी गई है, योजना के तहत प्रतिदिन अधिकतम 5 यूनिट खपत वाले घरेलू उपभोक्ता पात्रता में आते हैं।

कटाक्ष

छात्रों ने सीखे प्रकृति संरक्षण से स्वावलंबन के गुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आज देवी अहिल्या विश्विद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्र क्षेत्रीय भ्रमण पर सनावदिया गांव की छोटी पहाड़ी पर स्थित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर पहुचें। सेंटर की निदेशिका डॉ श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन ने उनका स्वागत कर संक्षिप्त परिचय के बाद अपने गौ.केंद्रित जैव विविधता फार्म खिले हुए फूलों फलों और सब्जियों वनस्पतियों और जीवों के पास जाकर दिखाए। छात्रों ने पहली बार देखा की सेंटर केवल 2 किलो वाट सोलर. पवन. ऊर्जा से आत्मनिर्भर तो है ही लेकिन पिछले 13 साल से पड़ोस में 50 आदिवासी परिवारों को भी 19 स्ट्रीट लाइट निशुल्क मिल रही। इसके बाद प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कई प्रकार की सरलए लेकिन उन्नत और कुशल प्रौद्योगिकियों का लाइव प्रदर्शन भी किया जो प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विविध रूपों पर आधारित है। उन्होंने मुख्य रूप स्वावलंबन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल पर्यावरण के मुद्दों और समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में बात करना ही नहीं , दैनिक जीवन में आत्मसंयम से प्रकृति संरक्षण , रसायनमुक्त कचरामुक्त और प्रदुषणमुक्त व उपभोगमुक्त जीवन सहजता और अपनी इच्छा से जीना ही स्वावलंबन है । वो ए सी ,वाशिंग मशीन , फ्रिज बिजली से चलने वाले उपकरणों से मुक्त है ।

जमीन नहीं मिली तो चुनाव में विरोध

फूल माली सैनी समाज छावनी ने जमीन को लेकर मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। फूलमाली समाज ने जमीन आवंटन के मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन दिया। जन आशीर्वाद यात्रा के स्वागत के लिए समाज ने मंच लगाया था। फूलमाली सैनी समाज छावनी के अध्यक्ष रामगोपाल करोड़ीवाल, महामंत्री मनोहर सैनी एवं संयुक्त माली समाज महासंघ इंदौर मध्य प्रदेश के अध्यक्ष भगवती प्रसाद माली ने बताया कि फूल माली सैनी समाज छावनी ने 2004 में जमीन के लिए तीन लाख 90 हजार जमा कराने के बावजूद अभी तक फूलमाली सैनी समाज छावनी को जमीन आवंटित नहीं की गई। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर समाज को जमीन आवंटित नहीं की तो आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में विरोध किया जाएगा। ज्ञापन देते वक्त मेवाड़ा माली समाज के बालकृष्ण सिंह, भेरुलाल कराडिया, धर्मराज मंगोलिया, सगरवंशी माली समाज के गोवर्धन लाल, नागवंशी माली समाज के अध्यक्ष अशोक मालाकार और मातृशक्ति भी मौजूद थीं।

कपड़ों से सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाई

इंदौर। प्रिय सखी महिला संघ इंदौर ने छिंवा माखन की 30 महिलाओं को रेडिमेड गारमेंट के वेस्ट कपड़ों के माध्यम से सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाई। इसके लिए विधिवत प्रशिक्षण भी मुहैया कराया गया। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से उद्यमिता विकास कार्यक्रम की श्रृंखला में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह रचनात्मक कार्यक्रम किया गया। इसमें महिलाओं ने इस कला एवं इससे रोजगार की संभावनाओं पर विचार भी रखे। आयोजन में नाबार्ड उप प्रबंधक श्री रवि मोरे, लीड बैंक प्रबंधक सुश्री जय श्री, दीप्ति कुशवाह, आरती कुशवाह, रेणु त्रिपाठी, सुषमा शर्मा, परख झंवर, मनीष सिंह, सविता पटवा की महत्वपूर्ण भूमिका रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। संचालन भारती कुशवाह ने किया।

क्षेत्र नं. 3 में कांग्रेस की पॉलिटिक्स में ट्विस्ट ...

अश्विन जोशी बोले-कांग्रेस के सर्वे में मेरा नाम सबसे ऊपर, कहीं नहीं जा रहा

इंदौर। कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र नंबर 3 के दिग्गज नेता और 3 बार के पूर्व विधायक अश्विन जोशी ने आम आदमी पार्टी के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने अटकलों को विराम देते हुए कहा कि मेरा नाम कांग्रेस पार्टी के सर्वे में टॉप पर है। मेरी निष्ठा कांग्रेस में थी, है और सदैव रहेगी।

ध्यान रहे कि एक दिन पहले मंगलवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कहा था कि अश्विन जोशी से हमारी बात चल रही है। जैसे ही फाइनल होगा हम उनको आप जॉइन करा लेंगे। इसके बाद ही अश्विन जोशी ने देर रात वीडियो जारी कर आप के दावे को गलत और विरोधियों की साजिश बताया।

इधर, यहां से कांग्रेस के दावेदार अरविंद बागड़ी और दीपक जोशी पिंटू भी रेस में है। विश्लेषकों का कहना है कि जोशी परिवार में टिकट की होड़ का फायदा अन्य दावेदार को हो सकता है।

जोशी ने रात को वीडियो जारी कर अपनी बात रखी

पूर्व विधायक जोशी ने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधी इतना गिर सकते है, यह अविश्वसनीय है। मेरी लोकप्रियता से बौखलाए हुए विरोधी द्वारा चलाई गई यह अफवाह है। मेरी निष्ठा कांग्रेस में थी, है और सदैव रहेगी। मैं पार्टी के सर्वे में सबसे ऊपर हुं। वहीं मैंने ऐसा कोई कृत्य नहीं किया की मुझे जनता के सामने शर्म के मारे सर झुकाना पड़े। मैं पार्टी के सर्वे में सबसे आगे हूं और मैं चुनाव लड़ूंगा। हम कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। बता दें कि अश्विन जोशी पूर्व मंत्री महेश जोशी के भतीजे हैं और दिग्विजय सिंह के करीबी माने जाते हैं। तीन बार जीतने के बाद वे लगातार दो चुनाव हार चुके हैं। उनके क्षेत्र से वैश्य समाज के नेता अरविंद बागड़ी और दीपक जोशी उर्फ पिंटू भी दावेदार हैं।

चलती ट्रेन से गिरी युवती की बचाई जान

इंदौर। इंदौर रेलवे स्टेशन पर एक गंभीर हादसा टल गया। यहां चलती ट्रेन से एक युवती का पैर फिसल गया। वह ट्रैक के नीचे गिरती इससे पहले आरपीएफ जवान की नजर उस पर पड़ गई। आरपीएफ जवान रवींद्र तोमर ने दौड़ लगाकर उसे ट्रैक से खींचकर बाहर निकाला। आरपीएफ ने ट्वीट कर तोमर की प्रशंसा की है। बताया जा रहा है कि युवती बुधवार सुबह ट्रेन से जाने के लिए प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। तभी ट्रेन चल दी। वह चलती ट्रेन पर चढ़ने लगी तभी उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैक के नीचे गिरने लगी।



गणेश पंडाल में महिला समेत 4 पर तलवार से हमला

◆ आरती में साउंड सिस्टम बजाते ही झगड़ा, साथियों के साथ मिलकर किए वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में गणेश पंडाल में मां, बेटे और दो अन्य लोगों पर तलवार-लाठी से हमला किया गया। आरती में साउंड सिस्टम बजाते ही हमलावर नाराज हो गए। वे आरती के बीच तलवार, लाठी और सरिया लेकर मां-बेटे पर टूट पड़े। बचाने आए दो अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। घटना मंगलवार रात गेंडेवाली सड़क पर प्रजापति मोहल्ले की है।

पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास में केस दर्ज किया है। महिला के घायल बेटे को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जनकगंज थाना क्षेत्र के गेंडे वाली सड़क स्थित प्रजापति मोहल्ले की उर्मिला यादव ने घर के पास ही गली में गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। उन्होंने पुलिस को शिकायत में बताया कि मंगलवार रात 9.30 बजे गणेश पंडाल में आरती की तैयारी चल रही थी। साउंड सिस्टम जैसे ही ऑन किया तो पास ही रहने वाले सलमान खान, छोटू खान आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी हमले पर आमादा हो गए।

उस समय उन्हें समझाकर रवाना कर दिया। इसके कुछ देर बाद जब आरती चल रही थी, तभी सलमान, छोटू, इरफान, परवेज और अन्य लोग आए और हमला कर दिया। सलमान तलवार लिए था।

जान से मारने की धमकी देकर भागे आरोपी

उर्मिला ने बताया- परवेज ने बेटे के माथे पर तलवार से हमला किया। मैं बचाने दौड़ी तो इरफान ने मुझे लाठी मारी। मेरे दाहिने हाथ के पंजे पर चोट आई। वहां जसवंत खटीक आया तो छोटू ने उस पर तलवार से हमला किया। उसके बाएं हाथ की अंगुलियों से खून निकल आया। बचाने आए श्याम को भी तलवार लगी। हमले के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

घटना के बाद रात से ही गणेश पंडाल सूना पड़ा है और लोग दहशत में हैं। जिस इलाके में घटना हुई है, वो शहर का संवेदनशील इलाका है। यहां गणेश उत्सव, नवदुर्गा उत्सव और ताजियों के दिनों में जरा सा तनाव बड़े विवाद में बदल जाता है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे शुरू होते ही विरोध

किसान बोले-दो दिन में खेतों के लिए रास्ता दें, नहीं तो जाम करेंगे 8-लेन रोड; वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा प्रशासन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **रतलाम**। दिल्ली-वडोदरा-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे के 244 किलोमीटर लंबे मध्यप्रदेश सेक्शन को 20 सितंबर से चालू कर दिया गया है। इसकी औपचारिक शुरूआत के पहले दिन ही विरोध भी सामने आ गया। रतलाम के धामनोद में किसानों ने एक्सप्रेस-वे की दीवार के चलते खेतों का रास्ता बाधित होने की शिकायत की है। किसानों ने प्रदर्शन कर चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के भीतर उन्हें रास्ता नहीं दिया गया तो वे एक्सप्रेस-वे को जाम कर देंगे। किसान स्थानीय ग्रामीणों के साथ एक्सप्रेस-वे के टोल नाके पर जमा हुए और अपनी मांग के संबंध में नारेबाजी की। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर तहसीलदार कुलभूषण शर्मा और एसडीओपी अभिलाष भलावी मौके पर पहुंचे। किसानों ने उन्हें बताया कि एक्सप्रेस-वे की वजह से खेतों तक जाने के लिए कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों ने वैकल्पिक हल निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद जिला प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नाम ज्ञापन देकर प्रदर्शन खत्म किया गया। किसानों ने कहा कि एक्सप्रेस-वे की दीवार के चलते वे खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

रीवा में दो गुटों के बीच गैंगवार

◆ कलेक्ट्रेट गेट के सामने कट्टे से फायर, आरोपी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा। रीवा शहर में कलेक्ट्रेट गेट के सामने गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वारदात में एक युवक के हाथ में गोली धंस गई है। दो गुटों के बीच गैंगवार देख स्थानीय लोग डर गए। तुरंत सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है। साथ ही शहर की घेराबंदी कराई है। फिर भी शातिर आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गए है।

इधर गोलीबारी की घटना के बाद घायल युवक ने अपने परिचितों को बुलाया। इसके बाद पुलिस की मदद से सीधे संजय गांधी अस्पताल भेजवाया गया। वहां आकस्मिक चिकित्सा इकाई पहुंचे युवक को ड्यूटी डॉक्टर ने देखकर भर्ती कर लिया है। चिकित्सकों ने कहा कि युवक की हालत में सुधार हो रहा है। चर्चा है कि आरोपी चिहिन्त है। गिरफ्तारी करने के लिए टीम भेजी है। पर सफलता नहीं मिली है।

आकाशीय बिजली गिरने से दो बालिकाओं की मौत

◆ बारिश से बचने पेड़ के नीचे खड़ी थी दोनों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। सागर के सानौधा थाना क्षेत्र के ग्राम पामाखेड़ी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बालिकाओं की मौत हो गई। एक झुलसी है। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। वहीं शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पामाखेड़ी से करीब 31 मजदूर गांव के पास खेत में फसल काटने के लिए गए थे। वे खेत में काम करने के बाद घर वापस लौट रहे थे। उनके साथ सुहानी पुत्री मनोहर अहिरवार, नमिता पुत्री बेनी अहिरवार और विनीता अहिरवार थी। गांव से करीब ढाई किमी दूर अचानक गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए बालिकाएं पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। तभी आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। जिसकी चपेट में आने से सुहानी और नमिता की मौके पर ही मौत हो गई।

गुना में नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

गुना। जिले के चांचौड़ा इलाके से गायब हुई नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी उसे अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ रेप किया। पुलिस ने लड़की के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। 15 सितंबर को नाबालिग बालिका के पिता द्वारा चांचौड़ा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि 14-15 सितंबर की रात में उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की घर से बिना बताये कहीं चली गई है। उसे अपने स्तर पर सभी जगह तलाश कर लिया गया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया। पिता की रिपोर्ट लार पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

नाबालिग आरोपी ने छोटे भाई से दुष्कृत्य के बदले के लिए की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रतलाम। रतलाम के नामली थाना क्षेत्र के पंचेड़ गांव में 23 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या के मामले में नामली थाना पुलिस ने 36 घंटे में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या की घटना का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी नाबालिक है। पुलिस मामले में नाबालिक आरोपी सहित त्रिभुवन चौहान और आशुतोष उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है की सोमवार शाम पंचेड़ गांव के युवक आबिद हुसैन की गांव के ही तीन युवकों ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों में से 1 आरोपी बाल आपचारी है।

आबिद की हत्या के बाद गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। इस संवेदनशील मामले पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों को 36 घंटे में ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में उपयोग किए गए चाकू भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक आबिद द्वारा वर्ष 2020 में गांव के 8 वर्षीय नाबालिक के साथ अश्लील हरकत और अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में नामली थाना पुलिस द्वारा आबिद के विरुद्ध पास्को एक्ट में कार्यवाही कर किशोर सुधार गृह भेजा गया था। कुछ समय बाद उसे न्यायालय से जमानत मिल गई थी। इस घटना से पीड़ित 8 वर्षीय बालक का बड़ा भाई जो की हत्या के इस मामले में नाबालिक आरोपी है, नाराज चल रहा था। अपने छोटे भाई के साथ हुई गलत हरकत का बदला लेने के लिए नाबालिक आरोपी ने अपने साथी त्रिभुवन सिंह चौहान और आशुतोष के साथ मिलकर आबिद की चाकू मार कर हत्या कर दी।

संपादकीय

स्पष्ट नियमन तय नहीं

छात्रसंघ चुनावों के दौरान जिस तरह की खींचतान और कई बार टकराव तक का माहौल बन जाता है, उसमें यह सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है कि किसी संगठन के उम्मीदवार या उनसे जुड़े नेता के साथ कितने और किस तरह के कार्यकर्ता परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। कालेजों में प्रचार से जुड़ी गतिविधियों को लेकर प्रशासन की ओर से एक स्पष्ट नियमन तय होना चाहिए, जो तय नहीं है। दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कालेजों में मंगलवार को कुछ असामाजिक तत्वों की अराजकता की जैसी हरकत सामने आई है, उससे एक बार फिर यही पता चलता है कि छात्रसंघ चुनावों के दौरान आशंका के बावजूद ऐसे हालात से निपटने के कोई इंतजाम नहीं किए गए। खबरों के मुताबिक, रामजस कालेज और मिरांडा हाउस कालेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रचार के बहाने कुछ असामाजिक तत्त्व दाखिल हो गए और अराजक हरकतें करने लगे। आरोप है कि हाथों में डंडे लिए लोगों ने वहां छात्रों से मारपीट की, छात्राओं पर फब्तियां कसीं और कइयों से अभद्र बर्ताव किया। यह एक चिंताजनक स्थिति है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों के परिसरों को आमतौर पर सुरक्षित इलाकों के तौर पर देखा जाता है, लेकिन वहां भी छात्र-छात्राओं को आपराधिक हरकतों का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना में अफसोसनाक पहलू यह है कि जिन लोगों पर ऐसी अराजकता फैलाने का आरोप है, वे छात्रसंघ चुनावों में हिस्सा लेने वाले एक प्रमुख छात्र संगठन 'नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया' के उम्मीदवारों के साथ चुनाव प्रचार करने गए थे! सवाल है कि अगर ये आरोप सही हैं तो जिस संगठन या नेता के साथ बाहरी तत्त्व कालेजों में घुसे, उसकी क्या जिम्मेदारी थी? किसी भी परिस्थिति में अगर चुनाव प्रचार के दौरान इस तरह की अराजकता सामने आई है, तो यह परिसर के भीतर अपराध के पांव फैलने को ही दर्शाता है। दरअसल, यह किसी एक संगठन तक सिमटा मामला नहीं है, इसलिए इसे लेकर सभी को चिंतित होने की जरूरत है। खासतौर पर कालेज और विश्वविद्यालय में सभी विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित करने का दावा करने वाले छात्र संगठनों को इस मसले पर विचार करने की जरूरत है कि चुनाव में जीत के लिए वे जिन तौर-तरीकों को आजमाते हैं, वे कितने सही हैं। आखिर क्या वजह है कि कालेज या विश्वविद्यालय में किसी समस्या से जुड़े मुद्दे पर केंद्रित विचार आधारित जनमत बनाने के बजाय कोई संगठन प्रचार के दौरान आक्रामक रुख अख्तियार करता है और कई बार हिंसक टकराव के हालात भी पैदा हो जाते हैं?

अर्ज किया है..!

बद की सोहबत में मत बैठो
इस का है अंजाम बुरा
बद न बने तो बद कहलाए
बद अच्छा बदनाम बुरा

-इस्माइल मेरठी

MORARI BAPU

॥ रामकथा॥
॥ मानस वृंदावन॥

सत्य-प्रेम-करुणा...

सुधारक कई होते हैं...
उद्धारक भी कई होते हैं...
स्वीकारक बहुत कम मिलते हैं...

जो स्वीकार कर ले..... कृष्ण ने कितना स्वीकार किया साहब..... इतनी महिलाओं को बंदीग्रह से मुक्त किया.... कौन स्वीकारेगा ?... गोविंद ने सबका स्वीकार किया.... मैं कहता रहता हूँ .... सुधारने की जरूरत नहीं ...स्वीकार करने की जरूरत है ...कोई कैसा भी हो... तुम यदि बड़े हो और सामने वाला कोई मलीन है तो तुम्हारी सिद्धि से उसको पवित्र कर दो ना.... हटो.. हटो... भागो ..भागो.. ऐसा क्यों करते हो?...उसको पवित्र कर दो ...स्वीकार करो .... कौन सुधरा है यहां ?... सुधार सुधार करो ...कोई सुधरा नहीं है ....स्वीकार करो..... मुझे कई लोग कहते हैं बापू ... अब कथा बंद करो ना... इसमें कोई सुधरे ऐसा नहीं है.... तू तो श्री गणेश कर ....तू तो शुरूआत... एक तेरे से तो शुरू कर ...एक तो कम हुआ .... लेकिन मेरा ...मिशन शब्द ठीक नहीं है अपने लिए... सुधारने की कोई सपने में भी नहीं..... स्वीकार कर लो ...जैसे हो कुबूल... बस.... बाहू पसार रहो ...आ जाए सब ....महापुरुषों ने यही तो किया .... देखो आप मंत्र जाप करो तो कितना करना पड़ता है ...भूमिशयन करना पड़ता है.... जो नियम से मंत्र जाप करो तो.... कितने कितने लक्षण लागू होते हैं.... भूमि शयन करो ...संयम पालो ...एक टाइम खाओ... गुरु से मंत्र लो.... मौन रखो... भूमि शुद्ध करो... कितने कितने..... और गौरांग कहते हैं ...कैसे भी हो ...उर्द्धबाहु होकर हरि बोल.... साधु पुरुष के मुख से निकला 'हरि बोल' त्रिभुवन को दीक्षित कर देता है... त्रिभुवन को दीक्षा दे देता है उसके मुख से निकला ....एक व्यक्ति नहीं.... तीनों भुवन... साधु मुख से निकला हुआ होना चाहिए ....जिसने मंत्र को शुद्धता से प्राप्त किया ....मंत्र सिद्धि को भी अर्जित कर ली ..... और ऐसा महापुरुष जब कोई मंत्र उच्चारण करता है तब..... आप 500 साल पहले का साहब.... कोई संख्या कम नहीं रहती थी गौरांग के साथ.... हजारों लोग उर्द्धबाहु होकर नाचते थे साथ ....और उसके बाद बिलग बिलग धारा में ....अमेरिका में भी जब हरे कृष्ण का वो शुरू हुआ तो झुंड के झुंड निकलते थे ....भगवान के नाम की महिमा थी ये साहब .....

-प्रस्तुति- पुष्पेंद्र पुष्प

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Highlights

1. Odisha minister Pramila Mallik to become state's 1st woman Speaker
2. We are a safe country: Canadian minister LeBlanc on India's travel advisory
3. UP policeman forces woman to withdraw kidnapping case, suspended
4. US envoy takes ride on e-bus in Delhi, clicks selfies with driver
5. Aditya-L1 to undergo trajectory correction
6. Khalistan supporter and gangster Sukha Duneke shot dead in Canada: Reports

New Echo and Fire TVs aside, generative AI is the big leap for Amazon's Alexa

MUMBAI, (Agency). It perhaps could have happened sooner, as artificial intelligence (AI) chatbots with large language models (LLMs) as underliers have caught our collective attention over the past year. 'Better late than never' is perhaps how one would describe Amazon's next big upgrade for the Alexa virtual assistant. At its annual keynote that focused on Alexa and its accompanying smart device ecosystem, Amazon confirms Alexa is ready to find a new large language model as its foundation.



While it is already true to an extent, using generative AI is expected to give Alexa the sort of finesse with conversational capabilities, that it presently perhaps doesn't have the tools to achieve. In a way, the evolution of chatbots has been so rapid, voice assistants quickly went from being exciting, futuristic tech to basic tools one now expects as par for the course, on a smart speaker or a smartphone.

Or we have simply become used to a more conversational AI, with chatbots such as ChatGPT, Microsoft's Bing and Google's Bard.

Generative AI for Alexa will mean three important things. The ability to have a proper conversation (more than it can already do), understand context to personalise results for users and the ability to understand complexity of commands. Amazon says they are also finding ways to reduce latency, i.e., the time taken by the assistant to find the necessary response to a query. This should, in theory, make conversations flow without pauses.

"This new Alexa LLM will be connected to hundreds of thousands of real-world devices and services via APIs. It also enhances Alexa's ability to process nuance and ambiguity — much like a person would — and intelligently take action," says Daniel Rausch, vice president, Alexa and Fire TV, in a statement.

Yatra Online IPO: Issue subscribed 39% so far on third and final day. Details

MUMBAI, (Agency). Wednesday, the third and final day of Yatra Online's maiden initial public offering (IPO), is witnessing a 'tepid' response from investors, with only the retail portion fully booked thus far, according to HT's sister publication Mint.

The ₹775 crore IPO of one of India's largest travel services providers opened for subscription on September 15. With the net proceeds, the Gurugram-headquartered company aims to fund strategic investments, acquisitions, and inorganic expansion, as well as general corporate purposes, investments in customer acquisition and retention, technology, and other organic growth activities.

Yatra Online IPO: Day 3 status

As per Mint, which cited data from the National Stock Exchange (NSE), the issue got subscribed 39% till 12 noon. The public issue has received bids for 1.18 crore equity shares as against 3 crore shares on offer. In the retail category, it has been subscribed 1.39 times so far, 12% in the Non-Institutional Investors (NII) category, and 7% within the Qualified Institutional Buyers (QIBs).

Yatra Online IPO: GMP

On the final day of bidding, the issue's grey market premium (GMP) is 0. This means that the shares are at their ₹142 issue price, and without any premium or discount in the grey market today.

New Delhi

इन राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट

जानें दिल्ली-NCR से लखनऊ तक कैसा रहेगा मौसम

नई दिल्ली, (एजेंसी) पूर्वी भारत और मध्य भारत के हिस्सों में अगले तीन दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. मौसम विभाग की मानें तो उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी से सटे पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटों के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके चलते भारत के इन दो हिस्सों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी.

मौसम विभाग की मानें तो देश की राजधानी नई दिल्ली में आज यानी 21 सितंबर को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. इसी के साथ, नई दिल्ली के इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. 22 सितंबर को नई दिल्ली में बादलों का डेरा रहेगा, लेकिन बारिश का पूर्वानुमान नहीं है. मौसम विभाग की

मानें तो यूपी की राजधानी लखनऊ में आज न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहेगा. इसी के साथ, लखनऊ में भी आज हल्की बारिश देखने को मिल सकती है. गाजियाबाद की बात करें तो आज न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. वहीं, गाजियाबाद में आज बादलों का डेरा रहेगा. मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट की मानें तो आज कच्छ क्षेत्र, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश और कोंकण और गोवा में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है. इसी के साथ, पूर्वोत्तर भारत, तटीय कर्नाटक, लक्षद्वीप और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो तीव्र बारिश हो सकती है. साथ ही, उत्तर प्रदेश, बिहार, विदर्भ, तेलंगाना, कोंकण और गोवा, पश्चिम मध्य प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, आंतरिक कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश संभव है.

Bihar

पटना-भागलपुर समेत कई शहरों में इंजीनियर संजीव गुप्ता के ठिकानों पर छापेमारी, एसवीयू को 20 लाख कैश मिले

पटना, (एजेंसी) साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के ठिकानों पर गुरुवार को विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की टीम ने छापा मारा है। इंजीनियर के पटना में दानापुर, पूर्णिया, बांका और भागलपुर स्थित घर एवं अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि इंजीनियर संजीव गुप्ता पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप है। अब तक की जांच में आय के वैध स्रोतों से निगरानी टीम को 1 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति का पता चल चुका है। कार्यपालक इंजीनियर के भागलपुर स्थित आवास से 20 लाख रुपये कैश अब तक बरामद हो चुके हैं।

विजिलेंस की टीमें गुरुवार अहले सुबह पटना से भागलपुर, बांका, पूर्णिया पहुंच गई। टीम में शामिल सदस्यों ने बिजली कंपनी के इंजीनियर संजीव गुप्ता के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। संजीव पूर्णिया जिले के रहने वाले हैं। निगरानी टीम ने बांका स्थित बिजली विभाग के सरकारी आवास क्वार्टर में संजीव कुमार गुप्ता के घर छापेमारी की।

सूत्रों के मुताबिक इंजीनियर संजीव गुप्ता के पटना स्थित आवास से एक करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। उनके

Uttarpradesh

नौवीं का छात्र क्लास में अचानक हुआ बेहोश, हार्ट अटैक के बाद सीपीआर से भी नहीं बची जान

लखनऊ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां अलीगंज में स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (CMS) में 9वीं का छात्र केमिस्ट्री की क्लास में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा. इस दौरान बच्चे को उठाकर टेबल पर लिटाया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ. इसके बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने देखा तो उसकी पल्स नहीं चल रही थी. डॉक्टरों ने कहा कि बच्चे को हार्टअटैक (heart attack) हुआ है, उसे सीपीआर भी दिया गया, फिर भी बचाया नहीं जा सका. इस घटना को लेकर डॉक्टर भी हैरान हैं. लखनऊ CMS के केमिस्ट्री के टीचर नवीन कुमार ने बताया कि वे केमिस्ट्री की क्लास लेने गए थे. उन बच्चों के डाउट्स क्लियर कर रहे थे, जिन्हें चैप्टर से संबंधित कोई दिक्कत थी.

Rajasthan

राजस्थान: बाड़मेर में बेटे ने पीट-पीटकर की पिता की हत्या, रुपयों के बंटवारे को लेकर हुआ था विवाद

बाड़मेर, (एजेंसी) बाड़मेर में जमीन बेचने से आए पैसे के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक बेटे ने पिता की जान ले ली। घटना बाड़मेर जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र के लंगेरा गांव की है। मृतक के रिश्तेदारों का कहना है कि बाप-बेटे की बीच हुई मारपीट में पिता की जान चली गई। मंगलवार रात को हुई इस हत्या को बाद में दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई है।

मृतक के भतीजे मदनलाल ने ग्रामीण थाने में केस दर्ज कराते हुए बताया कि उसके चाचा दल्लाराम ने कुछ समय पहले अपनी जमीन बेची थी। जमीन बेचने से आए रुपयों को लेकर उसके चाचा दल्लाराम और उनके बेटे राणाराम के बीच विवाद शुरू हो गया था। विवाद से तंग आकर चाचा ने बेटे को 5 लाख रुपए दिए। लेकिन, वह ज्यादा पैसों की मांग को लेकर ग्रह क्लेश और पिता के साथ मारपीट करने लगा। इससे परेशान होकर चाचा ने राणा को 2.5 लाख रुपए और दे दिए। लेकिन, वह फिर भी नहीं माना और वह लगातार पैसों की मांग करने लगा। चाचा दल्लाराम ने और रुपये देने से इनकार कर दिया तो उसने पिता के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में गंभीर चोट लगने से चाचा की मौत हो गई।

खेल

एशियन गेम्स 2003 : बारिश के कारण मैच रद्द, बेहतर रैंकिंग के आधार पर टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंची

हांगझोऊ, (एजेंसी) हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। शीर्ष वरीयता होने की वजह से भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने को मिला। मलयेशिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 173 रन बनाए। बारिश की वजह से मैच 15 ओवर का कर दिया गया और जवाब में मलयेशिया की टीम दो गेंद में एक ही रन बना पाई थी। इसके बाद बारिश शुरू हो गई और आगे खेल नहीं हो सका। इसके बाद मैच रद्द कर दिया गया और बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत सेमीफाइनल में पहुंच गया।

लगातार बारिश की वजह से काफी समय बर्बाद हुआ और अब मैच रद्द कर दिया गया है। बेहतर रैंकिंग के आधार पर टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। एशियाई खेलों में शीर्ष वरीयता वाली टीम इंडिया को सीधे क्वार्टर फाइनल मैच खेलने का मौका मिला था। मलयेशिया के खिलाफ मुकाबले में टीम इंडिया ने अच्छा प्रदर्शन किया। टीम की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर बैन की वजह से यह मैच नहीं खेल सकीं और स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरुआत की। हालांकि, स्मृति मंधाना 16 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुईं। बारिश की वजह से मैच 15-15 ओवर का कर दिया गया। ऐसे में शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 86 रन की साझेदारी की। शेफाली 39 गेंद में 67 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा 29 गेंद में 47 रन बनाकर नाबाद रहीं। अंत में ऋचा घोष ने सात गेंद में नाबाद 21 रन बनाकर भारत का स्कोर 173/2 तक पहुंचा दिया।

डकवर्थ लुईस नियम के तहत मलयेशिया के सामने 15 ओवर में 177 रन का लक्ष्य था। मलयेशिया ने दो गेंद में एक रन बनाया था, लेकिन इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई और आगे का खेल नहीं हो सका। अंत में मैच रद्द कर दिया गया और बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब टीम इंडिया 24 सितंबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

सिनेमा

शूटिंग के दौरान लगा इमली के सेट पर लाइट मैन को लगा करंट, हुई मौत, मेकर्स-चैनल पर एक्शन की मांग

स्टार प्लस के टीवी शो इमली के शूटिंग सेट पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिस में एक शख्स की मौत हो गई है। मंगलवार को टीवी शो 'इमली' के सेट पर करंट लगने से एक लाइटमैन की मौत हो गई। हादसा, गोरेगांव फिल्म सिटी में हुआ, जब शो का शूट जारी थी। रिपोर्ट के मुताबिक दिवंगत शख्स का नाम महेंद्र यादव बताया जा रहा है, जिसकी उम्र करीब 25 साल थी। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक लाइट मैन महेंद्र को शाम करीब 5 बजे बिजली का जोरदार झटका लगा, जिसके बाद उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक AICWA (ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन) के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मांग की है कि शो के प्रोड्यूसर और प्रोडक्शन हाउस व चैनल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो, इसके साथ ही लाइटमैन महेंद्र के परिवार को 50 लाख रुपए की राशि दी जाए। AICWA के अध्यक्ष की ओर से 3 मांगें रखी गई हैं, जिस में दिवंगत मजदूर के परिवार को 50 लाख जुर्माना, फिल्म सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर और आयुक्त का तत्काल प्रभाव से इस्तीफा और शो के प्रोड्यूसर गुल खान, प्रोडक्शन हाउस 4 लॉयन फिल्म्स और चैनल के खिलाफ एक्शन शामिल है।

दो दोस्तों को चाकू मारे, तीन पर केस

इंदौर। विजयनगर इलाके में तीन बदमाशों ने मिलकर दो दोस्तो पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में पुलिस सूचना के बाद पहुंची। हमला करने वाले तीनों बदमाशों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना धुव जादौन अपने दोस्त से आयुष से मिलने भूसामंडी इलाके में पहुंचा। यहां उसे रजक ठाकुर,मोटी ओर अन्य बदमाश चिकना ने रोका ओर इलाके में आने का कारण पूछा। इस दौरान उसने दोस्त से मिलने की बात की। रजत ने ध्रुव से अपशब्द कहे। वही मोटी ने इस दौरान चाकू निकालकर ध्रुव के पीठ में मार दिया। आयुष बचाव करने पहुंचा तो चिकना ने अपने पास से चाकू निकाला ओर आयुष के जांघ में मार दिया। इसके बाद घायल अवस्था में दोनो दोस्त मेंदाता अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने रजत,मोटी ओर चिकना के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवास नाका पर बुधवार रात एक एक्टिवा पर सवार दो युवकों को आयशर ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में एक युवक को अस्पताल ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। जबकि साथी को मामूली चोटें आई हैं। रात में दोनों साईट से लौट रहे थे। मृतक युवक फर्नीचर का काम करता है।

लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक घटना देवास नाका इलाके की है। रात करीब 9 बजे के लगभग असीम (23) पुत्र दीपक मालवीय निवासी स्कीम नंबर 78 अपने दोस्त के साथ एक्टिवा से घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही आयशर ने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मारी। असीम गाड़ी से गिरकर कई फीट दूर जा गिरा। जबकि साथी कच्ची जगह पर गिरा। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। उन्होंने असीम को अस्पताल पहुंचाया। यहां उसकी मौत हो गई।

परिवार के लोगों ने बताया कि असीम ने पढ़ाई छोड़ दी थी। वह पिता के साथ ही फर्नीचर का काम करने लगा। लसूडिय़ा इलाके में ही उसका काम चल रहा था। दीपक के परिवार में एक बड़ी बहन और एक छोटी बहन है। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। पुलिस ने टक्कर मारने वाली आयशर गाड़ी जब्त कर ली है।

युवक और उसके परिवार को पीटा, वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छत्रीपुरा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें एक युवक और उसके परिवार के साथ बुरी तरह से एक अन्य परिवार ने मारपीट की। पुलिस ने संघ कार्यकर्ता और उसके भाई को विवाद करने के मामले में थाने बैठा लिया। उन्होंने देर रात पुलिस को दूसरे पक्ष द्वारा अपनी पिटाई करने की बात कही। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

वायरल वीडियो छत्रीपुरा के बालदा कॉलोनी का है। यहां संघ के कमलेश पाल परिवार के साथ पड़ोसी परिवार के लोग मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बुधवार देर रात यहां गाड़ी खड़ी करने की बात पर कमलेश की हरी सोनी और रामचंद्र सोनी से कहासुनी हो गई। इस दौरान सोनी परिवार इकट्?ठा हुआ और कमलेश को बुरी तरह पीट दिया। इतना ही नहीं सोनी परिवार के लोग थाने पहुंचे और कमलेश और उसके भाई को थाने में बंद करवा दिया। कमलेश के परिवार के लोगों ने बताया कि वह करीब 30 साल से ज्यादा समय से बालदा कॉलोनी में रह रहे हैं। जबकि सोनी परिवार एक साल पहले ही इलाके में रहने आया है। वह आए दिन विवाद करते हैं। मामले में पुलिस को शिकायत की। लेकिन थाने पर सुनवाई नहीं की। इस मामले में छत्रीपुरा टीआई अजय राजौरिया से वायरल वीडियो को लेकर बात की गई। उन्होंने बताया कि मामले में कमलेश पाल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है।

तालाब में डूबे दो नाबालिग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सागौर थाने के अंतर्गत बाछनपुर और शंकरपुरा के बीच स्थित तालाब में में दो बच्चे की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला गया।

तालाब गहरा होने के कारण दोनों की मौके पर मौत हो गई। दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे दोस्त थे और बाइक से नहाने के लिए तालाब के किनारे गए थे सुबह घर से नहाने का बोल कर गए थे और बाइक को तालाब के किनारे खड़ी कर दी।

दोपहर तक घर पर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई तो तालाब के आसपास ग्रामीणों ने बताया बाइक खड़ी हुई है और तालाब के किनारे कपड़े पड़े हुए हैं देखा गए थे। सूचना मिलते पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

पुलिस को अंदेशा हुआ की तालाब में बच्चे कहीं डूब नहीं गए हो वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद में दोनों बच्चों के शवों को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए पीथमपुर की नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। जिन दो बच्चों की मौत हुई है उनके नाम इस प्रकार हैं, 01 आयुष पिता,गोपाल 14 वर्ष यशवंत पिता ,जितेंद्र 14 वर्ष है। दोनों ही नाबालिग बच्चे ग्राम बाझनपूर निवासी बताएं जा रहे हैं। दोनों बच्चे एक परिवार के हैं।

नदी में मिला शव

इंदौर। बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बडग़ोंदा में स्थित बालाजी मंदिर के समीप नखेरी नदी में बुधवार दोपहर 3 बजे करीब नदी नदी में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में मौके पर भीड़ जमा हो गई सूचना मिलते ही बडगोंदा पुलिस भी मौके पर पहुंची और तैराक की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को पानी में से बाहर निकाला। बडग़ोंदा थाने के एसआई ओम प्रकाश स्वामी के अनुसार शव को पानी में से बाहर निकाला गया है जिसे सिविल अस्पताल भिजवाया जा रहा है। शव को देख कर लग रहा है बॉडी एक दिन पुरानी है जब तलाशी ली गई तो जेब में से एक बैंक की पर्ची मिली जिसमें सागोर कुटी का पता है मामले की जानकारी निकाली जा रही है।

फैक्ट्री संचालक पर गैर इरादतन हत्या का केस

दलित समाज के हंगामे के पहले पुलिस की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा में सोमवार को एक फैक्ट्री के कर्मचारी की हादसे में मौत हो गई। मामले में दलित समाज के लोगों ने काफी हंगामा किया। प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। इस मामले में पुलिस ने दलित समाज के नेता से चर्चा कर संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

बाणगंगा पुलिस ने नीरज पुत्र बलराम धाकड़ की मौत के मामले में हुडा फैक्ट्ररी संचालक मोहममद तारीक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। सोमवार को नीरज की मशीन में सिर आने से मौत हो गई। इस मामले में देर रात तक बाणगंगा थाने पर दलित नेता मनोज परमार और अन्य साथी प्रदर्शन करते रहे।

पुलिस से उनकी मांग की थी कि मोहम्मद तारीक पर हत्या की धारा लगाई जाए। केस दर्ज नहीं होने पर मनोज परमार थाने से वापस आ गए। उन्होंने बुधवार को कमिश्नर आफिस के घेराव की बात की। बाद में टीआई नीरज बिरथरे ने दलित नेता से चर्चा की और कमिश्नर कार्यालय का घेराव नहीं करने की बात करते हुए गैर इरादतन हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। फैक्ट्री संचालक को मामले में गिरफ्तार किया जाएगा।

ट्रैक्टर ट्रॉली चुराकर सोशल मीडिया पर बेचने का एड दिया

असली मालिक को जानकारी लगने के बाद चोर पकड़ाया

इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली चोर को पकड़ा है। ट्रैक्टर मालिक ने सोशल मीडिया पर एक गाड़ी का विज्ञापन देखा। जिसमें उसका चोरी गया ट्रेक्टर खड़ा था। तब पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। यहां थाने से जांच करै रहे एसआई ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर चोर को पकड़ लिया। उसे चोरी के ट्रैक्टर सहित थाने पर ले आए। टीआई राजकुमार यादव की टीम ने कुछ दिनों पहले चोरी हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली के बारे में पता लगाया। पुलिस ने इस मामले में हिम्मत नगर पालदा में रहने वाले विजय को पकड़ा है। आरोपी ट्रैक्टर ट्रॉली महिदपुर के झारडा ग्राम से जब्त की है। वही चोर को भी गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि हिम्मत नगर से ही विजय ने इलाके में रहने वाले दांगी परिवार का ट्रेक्टर चुरा लिया। चोर से ट्रॉली खरीदने वाले ने सोशल मीडिया मार्केट प्लेस पर इसकी पोस्ट डाली थी। यहां ट्रैक्टर के मालिक को इसकी जानकारी लगी। उसने थाने जाकर फोटो पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस तफ्तीश में जुटी। सोशल मीडिया पर दिए नंबर पर कॉल किया तो विजय का नाम सामने आया। जिसके पुलिस ने चोरी का खुलासा कर दिया।

ट्रेन में छोड़ गई एक दिन का मासूम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रेलवे स्टेशन पर महू रतलाम ट्रेन में एक मां एक दिन के बच्चे को छोडक़र चली गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची ओर बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंची। रेलवे पुलिस के मुताबिक डॉक्टर अंबेडकर नगर महू से रतलाम के लिये चलने वाली ट्रेन में लोगो ने नवजात एक बच्चे की रोने की आवाज सुनी।

इसके बाद रेलवे पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक डलिया में एक दिन के बच्चे को देखा। इसके बाद उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंची। यहां उसका चेकअप किया गया। पुलिस के मुताबिक महू से इंदौर रेलवे स्टेशन के बीच बच्चे की आवाज लोगों ने सुनी थी।

संभवतः बच्चे को दूसरे स्टेशन पर ट्रेन में मां छोडक़र गई है। आसपास कंट्रोल रूम को सूचित किया गया है। मामले में फुटेज तलाशे जा रहे हैं। एक फुटेज में संदिग्ध दिखाई दिए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे की डिलीवरी उसे छोडऩे के छह से सात घंटे पहले हुई थी। वह फिलहाल स्वस्थ है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।